हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।
- बिजली निगम में कर्मचारियों की बैठक।
- मकड़ौली टोल पर किसानों का धरना।

**खबर संक्षेप**



रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### शिकायतों का समय पर करें समाधान

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों की लंबित व रि-ओपन हुई शिकायतों का अपने स्तर पर शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायत पोर्टलों का नियमित अवलोकन किया जाए और शिकायत मिलते ही तय समय में उसका समाधान किया जाए। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा होना चाहिए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को इन शिकायतों की वर्चुअल समीक्षा की जाती है।

### डिपो धारकों को एक साथ मिलेगा अप्रैल-मई का गेहूं

रोहतक। उपायुक्त ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार डिपो धारकों को अप्रैल व मई 2026 माह के गेहूं की एलोकेशन प्राप्त हो चुकी है। इसके चलते जिला में दोनों महीनों का गेहूं एक साथ इसी माह वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक लाभार्थी को दोनों महीनों का गेहूं प्राप्त करने के लिए पीओएस मशीन के माध्यम से अलग-अलग बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

## स्वास्थ्य मंत्री राव के दौरे के बाद एक्शन में पीजीआई के अधिकारी, ताबड़तोड़ एक्शन

# मेडिसन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर सस्पेंड अब डॉक्टर्स ने ब्रांडेड दवाई लिखी तो खैर नहीं

### पीजीआईएमएस के परचेज अधिकारी भी बदले मेडिसन के एचओडी को कारण बताओ नोटिस

### डायरेक्टर डॉ. सिंघल और एमएस डॉ. मित्तल ने सभी विभागाध्यक्षों के जारी किया लेटर

*पीजीआईएमएस के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार शाम 7.30 बजे तक पूरी रिपोर्ट भेज दी है। तब से पीजीआई में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि कुछ और अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआईएमएस में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के औचक निरीक्षण के बाद से हलचल मची हुई है। अधिकारियों पर एक के बाद एक कई बड़े एक्शन लिए जा रहे हैं। बाहर की दवाई लिखने के मामले में मेडिसन विभाग की एक एसोसिएट प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। डॉयरेक्टर डॉ. एसके सिंघल ने बकायदा चेतावनी भरा पत्र जारी करते हुए दो टूक कहा कि पीजीआईएमएस के किसी भी डॉक्टर ने मरीज को बाहर की ब्रांडेड दवाई लिखी तो उसकी खैर नहीं, तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उधर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल भी एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को एक पत्र जारी कर कहा, पीजीआईएमएस के जितने भी विभागाध्यक्ष हैं और डॉक्टर जितने हैं सभी उन दवाओं की लिस्ट बनाकर दें जो वह मरीजों के लिए लिख रहे हैं। इन दवाओं को या तो विभागों में उपलब्ध करवाया जाएगा या जहां से सभी मरीज दवाई लेते हैं, वहां उपलब्ध करवाएंगे। वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी सभी जगह दवाइयां उपलब्ध होंगी। इसके अलावा परचेज अधिकारी बदले गए हैं, विभागाध्यक्ष और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स को एक मामले में कारण बताओ नोटिस भी दिया है। ये सभी एक्शन स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के दौरे के बाद हुए हैं। बता दें कि अधिकारियों को बृहस्पतिवार शाम 7.30 बजे तक रिपोर्ट देनी थी। सभी की रिपोर्ट भेज दी गई है।



#### बाहर की दवाई लिखी तो एक्शन



हमने सभी डॉक्टर्स को कहा है कि मरीजों को बाहर की और किसी विशेष कंपनी की दवाई ना लिखें। अगर बाहर की ब्रांडेड दवाई लिखी तो तुरंत कार्रवाई होगी। यह पहले भी कहा जा चुका है।

**-डॉ. एस के सिंघल,** डायरेक्टर, पीजीआईएमएस, रोहतक।

#### लिस्ट दें, दवाओं की कमी नहीं



सभी एचओडी और डॉक्टर्स को लिख दिया गया है कि जो भी दवाएं मरीजों के लिए लिख रहे हैं, हमें बताएं, लिस्ट बनाकर दें, सभी दवाई उपलब्ध करवाएंगे। मरीजों को परेशानी नहीं होनी दी जाएगी।

**-डॉ. कुंदन मित्तल,** चिकित्सा अधीक्षक, पीजीआईएमएस, रोहतक।

*ट्रॉमा सेंटर में तैनात एक जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) को भी सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप हैं कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रशासन के खिलाफ पोस्ट जारी कर सवाल उठाए थे। उच्च अधिकारियों ने माना कि यह कार्रवाई स्वास्थ्य मंत्री के अचानक दौरे के बाद हुई है। उस समय कई मुद्दों को उठाया था। जिनमें दवाओं की कमी, ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटरों पर कर्मचारियों की कमी, और कैंपस के शौचालयों व अन्य जगहों पर साफ-सफाई की खराब हालत शामिल थी।*

### ये एक्शन लिए

#### बाहर की दवा लिखने पर एसोसिएट प्रोफेसर पर गाज

- स्वास्थ्य मंत्री के दौरे के बाद एक्शन लेते हुए अधिकारियों ने मेडिसन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुसुम को सस्पेंड किया है। उन पर मरीजों के लिए बाहर से दवाई लिखने जैसे आरोप हैं।

#### एचओडी और नर्सों को कारण बताओ नोटिस

- मेडिसन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर अत्री और इन्हीं के विभाग की 2 सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स से एक मामले में कारण बताओ नोटिस भेजा है। इन दो सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स की बदली भी दूसरे विभाग में कर दी गई है।

#### परचेज अधिकारी हटाए, अब डॉ. संत प्रकाश संभालेंगे

- एक और बड़ी कार्रवाई की है। पीजीआईएमएस के परचेज अधिकारी विवेक मालिक को बदल दिया गया है। उन्हें सुनील रोहिला की जगह लगाया गया है। विवेक की जगह अब डॉ. संत प्रकाश को पीजीआईएमएस का परचेज अधिकारी बनाया गया है।

# भालौठ में युवक की गोली मारकर हत्या

**इलाज के दौरान मौत, ठेका विवाद में था शामिल**





रोहतक। मृतक विकास का फाइल फोटो व जांच करती डॉ.सरोज दहिया व पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव भालौठ में देर रात चली गोलियों की आवाज ने पूरे इलाके को दहला दिया। पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को सरेआम निशाना बनाकर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान विकास उर्फ नारद पुत्र रमेश निवासी गांव भालौठ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विकास का गांव के ही आलोक नामक युवक के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश ने आखिरकार खूनी रूप ले लिया। पुलिस और एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

**रंजिश ने लिया खौफनाक मोड़**

देर रात विकास किसी काम से बाहर निकला हुआ था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आलोक ने उस पर अचानक हमला कर दिया। आरोपी ने विकास पर 4 से 5 राउंड फायर किए। गोलियां लगते ही विकास मौके पर ही गिर पड़ा और आसपास अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल विकास को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

#### पहले भी विवादों में रहा था विकास

जांच में सामने आया है कि विकास उर्फ नारद का नाम पहले भी आपराधिक गतिविधियों में सामने आ चुका था। करीब एक साल पहले 26 मई 2025 को गांव भालौठ के शराब ठेके पर हुई फायरिंग में भी वह शामिल था।

#### सोशल मीडिया पर भी दी थी धमकी

ठेका फायरिंग कांड के बाद विकास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो भी अपलोड किया था, जिसमें उसने खुलेआम चेतावनी दी थी कि यदि किसी ने ठेका लेने की कोशिश की, तो अंजाम बुरा होगा। यह वीडियो काफी वायरल हुआ था।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित**

आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और परिजनों के बयान दर्ज किए। डीएसपी राकेश ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला पुरानी रंजिश का सामने आ रहा है। परिजनों की शिकायत पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है व दबिश दी जा रही है।

## पीजीआई में तीमारदारों व नर्सिंग स्टाफ में मारपीट

- नए वार्ड-12 में घटना दोनों पक्षों की तरफ से दी गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआई के नए वार्ड-12 में शुक्रवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक मरीज से मिलने आए रिश्तेदारों और नर्सिंग स्टाफ के बीच कहासुनी बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नए वार्ड नम्बर 12 में सुभाष नामक मरीज दाखिल है। जिसका उपचार चल रहा है। मरीज से मिलने के लिए उसके परिजन पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनकी नर्सिंग स्टाफ से बहस हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। इस दौरान वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों और उनके परिजनों में भी डर और असहजता का माहौल बन गया। सूचना पर अस्पताल प्रशासन और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। पीजीआई एसएचओ रोशनलाल ने बताया कि नर्सिंग स्टाफ और मरीज के रिश्तेदार के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। दोनों पक्षों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

## नांदल भवन के पास अवैध हथियार सहित युवक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा राउंड बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस टीम गांव बोहर स्थित नांदल भवन के पास गश्त पर मौजूद थी। पुलिस ने बोहर नहर पुल के पास गो शाला के नजदीक खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। पूछताछ में युवक की पहचान विकास पुत्र रोहताश, निवासी खिड़वाली के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा राउंड बरामद हुआ।

## 14 लाख की ठगी गिरोह का आरोपित गिरफ्तार

*बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपी रिमांड पर*

**रोहतक।** पुलिस की साइबर टीम ने ट्रेडिंग के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी के मामले का पर्दाफाश करते हुए गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नरेश (निवासी चंडीगढ़) को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। गांधी कैंप निवासी गुरमुख सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 23 सितंबर 2025 को गुरमुख के पास मीरा नाम की महिला का व्हाट्सएप पर संदेश आया, जिसने खुद को सामाजिक कार्यों से जुड़ा और बेंगलुरु में कपड़ों की फैक्ट्री संचालित करने वाला बताया। 5 अक्टूबर 2025 को उक्त महिला ने गुरमुख को ट्रेडिंग के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने का लालच दिया और एक बड़ी कंपनी के नाम का हवाला देकर निवेश के लिए प्रेरित किया और अलग अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 14 लाख रुपये निवेश कर दिए।

**नई जिम्मेदारी** पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष तक का होगा कार्यकाल

# जेएनयू के प्रो. मिलाप पुनिया बने एमडीयू के वीसी, प्रो. संदीप बंसल रजिस्ट्रार नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू), नई दिल्ली के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् प्रोफेसर मिलाप पुनिया को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) का नया कुलपति (वाइस-चांसलर) नियुक्त किया गया है, जबकि प्रोफेसर संदीप बंसल को विश्वविद्यालय का कुलसचिव (रजिस्ट्रार) बनाया गया है। दोनों नियुक्तियों के आदेश हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति असीम कुमार घोष द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए। अधिसूचना के अनुसार, प्रो. मिलाप पुनिया का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष का होगा। साथ ही वे विश्वविद्यालय के नियमों के तहत 68 वर्ष की आयु तक इस पद पर बने रह सकते हैं। डॉ. कृष्ण कांत कुरुक्षेत्र आयुष विवि के रजिस्ट्रार नियुक्त एमडीयू के रजिस्ट्रार रहे डॉ. कृष्ण कांत को नई जिम्मेदारी देते हुए श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। राजभवन की अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### शिक्षाविद् को कुलसचिव की जिम्मेदारी



कुरुक्षेत्र स्थित आईजीएन कॉलेज, लाडवा के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर प्रोफेसर संदीप बंसल को एमडीयू का नया कुलसचिव (रजिस्ट्रार) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति हरियाणा सरकार की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। प्रो. बंसल ने इस पद पर डॉ. कृष्ण कांत का स्थान लिया है। इनके पास लंबे समय का शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव है।

**अनुभवी शिक्षाविद:** प्रो. पुनिया को अनुभवी शिक्षाविद् और शोधकर्ता माना जाता है। एनआईआरएफ रैंकिंग और नैक की 'ए+' ग्रेडिंग प्राप्त एमडीयू से अब उनके नेतृत्व में शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। प्रो. पुनिया एक अनुभवी शिक्षाविद् और शोधकर्ता के रूप में जाने जाते हैं, जिनका शैक्षणिक क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है।

#### डॉ. कृष्ण कांत कुरुक्षेत्र आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नियुक्त

एमडीयू के रजिस्ट्रार रहे डॉ. कृष्ण कांत को नई जिम्मेदारी देते हुए श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। राजभवन की अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और आयुष विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016 के तहत की गई है।




नया शोरूम:- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली: 1800 891 1250

# आंबेडकर प्रतिमा विवाद सुलझा, पंचायत और प्रशासन की पहल से लौटी शांति

## अज्ञात शरारती तत्वों ने खैरड़ी गांव में बाबा साहेब की प्रतिमा को पहुंचाया था नुकसान

■ मामले से जुड़ी महिला ने पी लिया था आलआउट, इलाज के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर क्षेत्र के गांव खैरड़ी में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद पैदा हुआ तनाव आखिरकार पंचायत और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से शांत हो गया। दो दिन तक चले घटनाक्रम के बाद शुक्रवार को गांव में फिर से सामान्य स्थिति लौट आई और आपसी सहमति से समाधान का रास्ता निकाला गया। वहीं, देर शाम इसी मामले से जुड़ी एक महिला ने आलऊट पी लिया। जिसके कारण महिला गंभीर रुपये से घायल हो गई। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई। दरअसल, बुधवार देर रात कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने गांव में स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचा दिया था। गुरुवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली, पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। स्थिति को गंभीर होते देख प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन लोगों में गुस्सा साफ तौर पर देखा जा रहा था। पूरे दिन माहौल तनावपूर्ण बना रहा और गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किया गया।



### प्रतिमा होगी स्थापित

पंचायत ने प्रस्ताव पारित करते हुए बाबा साहेब के नाम पर भूमि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। साथ ही यह तय किया गया कि गांव के सद्भावना स्थल पर उनकी नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। खास बात यह रही कि पंचायत ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए यहां चौधरी छोटूराम की प्रतिमा को भी यथावत रखने का निर्णय लिया, ताकि गांव में भाईचारे और समरसता का माहौल बना रहे। बैठक के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए नई प्रतिमा स्थापित कर दी गई। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार गांव के लोगों से संवाद बनाए रखा। मौके पर मौजूद तहसीलदार दिनेश ढिल्लो और अन्य अधिकारियों ने संयम और समझदारी से स्थिति को संभाला, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना टल गई।

### ग्राम पंचायत की अहम बैठक

शुक्रवार को इस पूरे विवाद को सुलझाने के लिए ग्राम पंचायत की एक अहम बैठक बुलाई गई। बैठक में गांव के बुजुर्गों, प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर समाधान निकालने पर चर्चा की। अंततः सर्वसम्मति से एक सकारात्मक निर्णय लिया गया, जिसने पूरे मामले को शांत करने में अहम भूमिका निभाई।

### गांव में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण

अब गांव में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन के सहयोग की सराहना की और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। हालांकि, घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश अभी जारी है और पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी हुई है। आगामी आंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नई प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर गांव में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और इसे सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

## शिविर में 87 लोगों ने किया रक्तदान

■ भारत विकास परिषद् की भगत सिंह शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

**रोहतक।** भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा एप्रोच रोड पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शाखा के कार्यकर्ता सुनील जैन (गोलू) एवं डॉ. मनोज गोयल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें जन्मदिन को सेवा कार्य से जोड़ते हुए समाज के प्रति समर्पण की मिसाल पेश की गई। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 87 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए उत्साहपूर्वक योगदान दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को बढ़ावा देना रहा। शाखा के मीडिया प्रभारी हरिओम गोयल ने बताया कि इस अवसर पर बाबा कर्णपुरी, समाजसेवी ईश्वर, प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जिंदल तथा प्रांत उपाध्यक्ष रामचरण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। शिविर में विशेष रूप से रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। शाखा पदाधिकारियों ने कहा कि "रक्तदान महादान" है, जो किसी के लिए जीवनदान बन सकता है। अंत में भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया गया।



**महम।** पत्रकारों को संबोधित करते चौबीसी अठगामा संयोजक शमशेर खरकड़ा।

## नैतिकता के नाते भाजपा के कार्यक्रमों में नहीं जाता : खरकड़ा

**महम।** चौबीसी अठगामा पंचायत के संयोजक शमशेर खरकड़ा ने शुक्रवार को महम में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने भाजपा नहीं छोड़ी है। वे उसूलों की राजनीति करते हैं। उनकी पत्नी राधा अहलावत ने भाजपा की टिकट न मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। इसलिए वे नैतिकता के नाते भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते। उनके पास आज भी प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंगों में शामिल होने का न्योता आता है। सच्चाई और उसूलों के लिए उन्होंने जीवन में बहुत बड़ी कीमत अदा की है। पांच चुनाव अपनी जेब से लड़े हैं। किसी से माला और चंदा नहीं लिया।



## निगम कमिश्नर आनंद कुमार शर्मा का तबादला

**रोहतक।** नगर निगम के कमिश्नर आनंद कुमार शर्मा का तबादला करनाल में उपायुक्त (डीसी) पद पर किया गया है। उनके स्थानांतरण की सूचना के बाद शहर के जनप्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में वार्ड-10 की पार्षद मनीषा नांदल, वार्ड-13 की पार्षद कृष्णा और वार्ड-8 की पार्षद अंजू सैनी ने कमिश्नर से भेंट कर उन्हें बुके भेंट किया। आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि पार्षद नगर निगम की बैठकों में स्वयं भाग लें और मुद्दों को सीधे अधिकारियों के समक्ष रखें। पार्षद प्रतिनिधियों पर निर्भर रहने के बजाय खुद सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी तरीके से हो सके।



## विश्वशांति के लिए वीटो पावर खत्म करने की मांग

**रोहतक।** वैदिक विश्व सभा एवं वैदिक छात्र सभा के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विश्वशांति पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनर्गठन की मांग करते हुए छह प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए और उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने वीटो पावर समाप्त करने, "पृथ्वी परिषद्" के गठन तथा सभी देशों द्वारा पांच वर्षों के भीतर परमाणु व रासायनिक हथियारों और सेनाओं को समाप्त करने की मांग रखी। प्रस्तावों में कहा गया कि बाहरी सुरक्षा की जिम्मेदारी पृथ्वी परिषद् संभाले, जबकि देश आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था रखें।



## 23 और 24 मई को 36 घंटे तक चलेगा भाजपा का प्रशिक्षण शिविर

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी, जिला रोहतक इकाई द्वारा आगामी 23 और 24 मई को दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा-प्रशिक्षण अभियान-2026' के तहत यह शिविर लगातार 36 घंटे तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और संगठन को नई ऊर्जा देना है। रणवीर ढाका की अध्यक्षता में बनेगी रणनीति, हरिओम मित्तल संभालेंगे व्यवस्था। सोशल मीडिया पर विपक्ष को जवाब देने के लिए कार्यकर्ताओं को मिलेगी ट्रेनिंग। संगठन और जिम्मेदारी शिविर की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका करेंगे, जबकि संचालन की जिम्मेदारी जिला प्रशिक्षण संयोजक हरिओम मित्तल भाली को दी गई है। गौरतलब है कि हरिओम मित्तल छात्र नेता के साथ-साथ आरएसएस के तृतीय वर्ष शिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता हैं। प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि इस शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्यपद्धति और विचारधारा के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

# विधायक भड़ाना ने दान किए 10 अत्याधुनिक आईसीयू बेड

■ पीजीआईएमएस में न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में बढ़ेंगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना के साथ कुलपति व पीजीआईएमएस के निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल। फोटो : हरिभूमि

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि, पीजीआईएमएस के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में इलाज के लिए आने वाले कैंसर और थायराइड के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। समालखा के विधायक एवं युवा एवं खेल मामले हरियाणा सरकार के चेयरमैन मनमोहन भड़ाना ने विभाग को 10 अत्याधुनिक आईसीयू बेड दान करने की घोषणा की है। वें गुरूवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का दौरा करने आए थे। विधायक मनमोहन भड़ाना ने बताया कि उन्होंने गुरूवार को सबसे पहले कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल से उनके कार्यालय में मुलाकात की और संस्थान द्वारा प्रदेश वासियों को उपलब्ध करवाई जा रही अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल के निर्देशन में यूएचएस नित नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने डॉ. अग्रवाल को भरोसा दिलाया कि हरियाणा सरकार मरीजों के हितों के लिए हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर मेरे छोटे से प्रयास से किसी की जिंदगी बचती है या किसी परिवार का दर्द कम होता है तो इससे बड़ा पुण्य कोई नहीं।

## भाजपा-आरएसएस को 'जहरीला सांप' बताना देशभक्तों का अपमान : शमशेर

■ कांग्रेस की भाषा में झलक रही हार की बौखलाहट, चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग

**रोहतक।** असम विधानसभा चुनाव के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भाजपा और आरएसएस पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर सियासत गरमा गई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। खरक ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को 'जहरीला सांप' बताना करोड़ों देशभक्तों का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब पूरी तरह नकारात्मक और भड़काऊ राजनीति पर उतर आई है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि खड़गे का बयान उनकी व्यक्तिगत सोच नहीं, बल्कि राहुल गांधी की विचारधारा को दर्शाता है। खरक के अनुसार, कांग्रेस नेतृत्व केवल तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है। भाजपा नेता ने खड़गे की टिप्पणी को उनके गिरते राजनीतिक स्तर का प्रतीक बताते हुए कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष से संयमित भाषा की अपेक्षा की जाती है, लेकिन बार-बार अमर्यादित बयान देकर वे स्वयं को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। खरक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस बहुसंख्यक समाज की आस्थाओं को ठेस पहुंचाकर वोट बैंक की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव आयोग और न्यायपालिका जैसी संवैधानिक संस्थाओं को भी निशाना बनाकर लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।



## योग करके मनाया भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस

**रोहतक।** भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस नेताजी सुभाष पार्क में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधक-साधिकाओं ने भाग लिया और विभिन्न योग क्रियाएं कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान ताड़ासन, अर्धचक्रासन, सिंह गर्जना, भुजंगासन, वज्रासन, भ्रामरी, चंद्र भेदी प्राणायाम, शवासन, ध्यान और प्रार्थना का अभ्यास कराया गया। आयोजन के अंत में प्रसाद भी वितरित किया गया। आरडब्ल्यूए प्रधान सेवक प्रवीन सहगल ने शिक्षकों रत्न सैनी, संतोष, मोनिका, संगीता, सरिता व मधु सहित सभी सहयोगियों का आभार जताया।

## रिकॉर्ड आवक और गेट पास निकलने के बाद भी 9% खरीद

**सांपला।** सांपला अनाज मंडी में गेहूं की रिकॉर्ड आवक और बेहद धीमी सरकारी खरीद के चलते हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। मंडी में जगह की भारी कमी हो गई है और अब स्थिति यह है कि गेहूं के ढेर सड़कों तक फैलने लगे हैं, जिससे आवाजाही भी प्रभावित होने लगी है।



शुक्रवार को मंडी में 53,844 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई और रिकॉर्ड 873 गेट पास जारी किए गए। इसके मुकाबले खरीद के नाम पर मात्र 600 क्विंटल गेहूं ही खरीदा गया, जो कि आज की कुल आवक का करीब 1.11 प्रतिशत ही है। इतनी कम खरीद को लेकर आढ़तियों में नाराजगी बढ़ने लगी है। समाचार लिखे जाने तक मंडी में अब तक कुल 2,39,844 क्विंटल गेहूं की रिकॉर्ड आवक हो चुकी है, जबकि कुल सरकारी खरीद केवल 21,908 क्विंटल ही हो पाई है। यह कुल आवक का लगभग 9.13 प्रतिशत ही है। वहीं, अब तक 4126 गेट पास जारी किए जा चुके हैं।



## महिलाओं को बांटी 25 सिलाई मशीनें

**रोहतक।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने 132वें फाउंडेशन डे के अवसर पर बोहर गांव की महिलाओं को 25 सिलाई मशीनें प्रदान कीं। इन मशीनों को गांव की चौपाल में स्थापित किया गया है, जहां महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी आय के साधन विकसित कर सकें। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल आधारित रोजगार से जोड़ना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं न केवल सिलाई-कढ़ाई सीखेंगी, बल्कि छोटे स्तर पर अपना कार्य शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगी। गांव के लोगों ने पार्षद मनीषा नांदल का आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों से यह सुविधा गांव तक पहुंच पाई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

# वेतन न मिलने पर श्रमिकों का फूटा गुस्सा

■ 6 घंटे तक ठप रहा कामकाज, डीएम के आश्वासन के बाद खत्म हुआ धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला



खंड के गांव नया बास स्थित हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन में वेतन न मिलने से नाराज सैकड़ों श्रमिकों का आक्रोश बुधवार को खुलकर सामने आ गया। गुस्साए मजदूरों ने वेयरहाउस के मुख्य गेट पर ताला जड़कर करीब 6 घंटे तक धरना दिया। श्रमिकों के इस विरोध के चलते न तो गेहूं से भरे ट्रक अंदर जा सके और न ही कोई वाहन बाहर निकल पाया। हालात बिगड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुटी रही। बाद में वेयरहाउस के डीएम रोहतास दहिया भी मौके पर पहुंचे और श्रमिकों से बातचीत की। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला श्रमिक भी शामिल रहीं, जिन्होंने वेतन न मिलने पर नाराजगी जताई। श्रमिकों का कहना था कि उन्हें एक महीने से अधिक समय से मजदूरी नहीं मिली है।

### सोमवार तक मिलेगा वेतन

डीएम रोहतास दहिया ने बताया कि वेयरहाउस में कार्यरत श्रमिक मैसर्ज औरिगो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तहत काम करते हैं। कंपनी के उच्च अधिकारियों से बातचीत हो चुकी है और उन्होंने सोमवार तक सभी का वेतन जारी करने का आश्वासन दिया है।



**रोहतक।** नई अनाज मंडी का दौरा करते इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला।

## नए खरीद नियम किसान विरोधी, वापस ले सरकार: चौटाला

**रोहतक।** इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने नई अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मंडी सचिव को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि फसल खरीद को लेकर बनाए गए नए नियम किसान विरोधी हैं और इन्हें तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। चौटाला ने कहा कि सरकार की मंशा किसानों को खेती छोड़ने पर मजबूर करना और उनकी जमीन पूंजीपतियों को सौंपना है। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल खरीद के पर्याप्त प्रबंध नहीं हैं, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि अन्नदाता ही परेशान रहेगा तो देश प्रगति नहीं कर सकता।

**धरना-प्रदर्शन** मंडी में नई खरीद व्यवस्था के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

# मकड़ौली टोल प्लाजा पर आज किसानों का धरना, 200 पुलिसकर्मी मौके पर संभालेंगे मोर्चा

सरकार द्वारा फसल खरीद के नए नियम किसान विरोधी, परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंडियों में नई खरीद व्यवस्था के विरोध में शनिवार को किसान मकड़ौली टोल प्लाजा पर सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक धरना प्रदर्शन करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 200 पुलिसकर्मियों की तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में जिले के विभिन्न किसान संगठनों के शामिल होने की संभावना है। किसान संगठनों ने स्पष्ट किया है कि यह विरोध प्रदर्शन मंडियों में गेहूं खरीद पर लागू की गई नई शर्तों के खिलाफ है, जिन्हें वे किसान विरोधी बता रहे हैं। किसान सभा के महासचिव सुमित दलाल ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम किसानों के हित में नहीं हैं और इससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर 11 अप्रैल को पूरे प्रदेश में चार घंटे के लिए सड़कों को जाम करने और विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। जिले में यह प्रदर्शन मकड़ौली टोल प्लाजा पर किया जाएगा, जहां किसान सुबह 11 बजे से 3 बजे तक सड़क जाम करेंगे। हालांकि, किसान संगठनों ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को बाधित नहीं किया जाएगा।




### प्रदर्शन को लेकर जिले में हलचल तेज

प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किसान नेताओं ने शुक्रवार को गांव-गांव जाकर अभियान चलाया और अधिक से अधिक किसानों से इसमें भाग लेने की अपील की। इस अभियान में जिला उपप्रधान प्रीत सिंह, बलबीर बल्हारा, जगपाल सांगवान, मास्टर सुनहरा, कृष्ण हुडा, जयप्रकाश हुडा, चांद नरवाल, सुरेंद्र और रोहताश सहित कई किसान नेता शामिल रहे। प्रशासन ने संभावित स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों के इस विरोध प्रदर्शन को लेकर जिले में हलचल तेज हो गई है और सभी की निगाहें शनिवार को होने वाले इस कार्यक्रम पर टिकी हुई हैं।

## एमडीयू में डॉ. आंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर हुई संगोष्ठी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि संकाय स्थित डॉ. अंबेडकर हॉल में महासभा ऑफ एजुकेटेड एससी ऑफिसर्स द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के परसंगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं पुदुचेरी पुलिस के पूर्व डीजीपी सुनील कुमार गौतम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि और बहुजन चिंतक नरसिंह सेलवाल ने अपने संबोधन में सामाजिक समानता और महात्मा फुले के संघर्षों को याद किया।



## मंगल पांडे की पुण्यतिथि पर गोशाला में अर्पित की दवाइयां

**रोहतक।** अमर शहीद मंगल पांडे की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद रोहतक शाखा के सदस्यों ने हरियाणा पिंजरापोल गौशाला, गोकर्ण तीर्थ में पहुंचकर बीमार व पीड़ित गायों के उपचार हेतु दवाइयां भेंट कीं। गौशाला के चिकित्सक डॉ. संजय बल्हारा को परिषद की ओर से आवश्यक दवाइयों का स्टॉक सौंपा गया। क्षेत्रीय संयोजक (पर्यावरण) अशोक गुप्ता ने भावुक होते हुए कहा कि गौशाला में लावारिस और पीड़ित पशुओं की निस्वार्थ सेवा की जा रही है। उन्होंने समाज से अपील की कि इन असहाय पशुओं की स्थिति को देखते हुए हर व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य अनुसार यहाँ योगदान देना चाहिए।

## लोगों को सभी सेवाएं बिना परेशानी के उपलब्ध करवाई जाएं



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि राजस्व सेवाओं तक नागरिकों की आसान पहुंच सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सेवाएं समयबद्ध, पारदर्शी और बिना किसी परेशानी के उपलब्ध करवाई जाएं। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में राजस्व विभाग की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग की नई पहलों को प्रत्येक तहसील के एक-एक गांव में लागू किया जाए।

## खबर संक्षेप



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि टीम के सउपनि मोहन और उपनि अमर कटारिया को सम्मानित करते प्राचार्य ।

### विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज गांव ब्राह्मणवास में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम के सउपनि मोहन और उपनि अमर कटारिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि ड्रग्स ऐसा पदार्थ है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को प्रभावित करता है। इसके सेवन से शरीर अंदर से कमजोर हो जाता है और कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। अधिक मात्रा (ओवरडोज) में ड्रग्स लेने से व्यक्ति की मौत तक हो सकती है। उन्होंने आगे बताया कि नशीली दवाओं और पदार्थों के सेवन से युवाओं में संक्रमण, नसों की क्षति और अन्य गंभीर रोग उत्पन्न हो सकते हैं। आजकल युवा नशीली दवाओं, गांजा, हेरोइन, स्मैक और चरस जैसी चीजों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, जो एक चिंताजनक स्थिति है। नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता है तथा अपराधों को बढ़ावा देता है।

## 55 किलोग्राम वर्ग में हासिल की उपलब्धि, युवा पहलवान की सफलता से गांव और परिवार में जश्न

# खेड़ी के ललित ने ग्रीको रोमन कुश्ती में जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खेड़ी साध के युवा पहलवान ललित ने 55 किलोग्राम वर्ग की ग्रीको रोमन कुश्ती में सिल्वर मेडल जीतकर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। ललित के पिता, सेवानिवृत्त मास्टर जोगेंद्र सिंह(योगी) ने बताया कि उनका बेटा लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। ललित ने वर्ष 2023-24 में आयोजित सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उसी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। ललित ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 26 फरवरी से 1 मार्च तक अलबेनिया में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम ऊंचा किया था। अब सिल्वर मेडल जीतने के साथ ही उन्होंने अपनी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जोड़ दी है।



### नोटों के हार से किया स्वागत

ललित की इस सफलता से गांव खेड़ी साध में उत्सव जैसा माहौल है। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को बधाई दी। जोगेंद्र सिंह को भी उनके बेटे की उपलब्धि पर लोग लगातार शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ललित की मेहनत और लग्न युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ललित और बड़े मंचों पर देश के लिए पदक जीतेंगे और क्षेत्र का नाम और अधिक रोशन करेंगे।



### 100 मीटर में अनुज व संवेदना प्रथम

**रोहतक।** यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को वार्षिक खेल समारोह स्पोर्टेक-2026 का आगाज हुआ। 14 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय इंटर-ब्रांच स्पोर्ट्स फेस्ट में 1000 से अधिक छात्र-छात्राएं व स्टाफ सदस्य भाग ले रहे हैं। 35 से ज्यादा खेल प्रतियोगिताओं के साथ कैंपस में खेलों का उत्साह चरम पर नजर आया। एथलेटिक्स मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में अनुज व सम्वेदना, 200 मीटर में आर्यन व अन्नू तथा 400 मीटर में नवदीप व गुंजन अपने-अपने वर्ग में विजेता रहे। रिले रेस में सुरजीत सिंह की टीम (पुरुष) और सम्वेदना की टीम (महिला) ने पहला स्थान हासिल किया।



### सही राम स्कूल का क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन

**महम।** द रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संचालित महम के सही राम सीनियर सेकेंडरी स्कल में विद्यार्थियों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खेलों के दौरान स्कूल निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता के दौरान सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय प्रशासन ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिपः हरियाणा की बेटियों ने कर्नाटक को हराकर जीता स्वर्ण पदक

**रोहतक।** हरियाणा की महिला टीम ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर में आयोजित 19वीं सीनियर राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। फाइनल मुकाबले में कर्नाटक को हराकर टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का परचम लहराया। हरियाणा फ्लोरबॉल संघ के प्रधान एवं मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने टीम की जीत पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा की टीम ने लीग मैचों से ही अपना दबदबा बनाए रखा था। टीम ने अपने पूल में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान को करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने तमिलनाडु को 3-1 के अंतर से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। गजेंद्र फौगाट ने कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि अन्य खेलों की तरह फ्लोरबॉल में भी हरियाणा की बेटियों ने अपना लोहा मनवाया है।



रोहतक। विजेता टीम अपनी ट्राफी के साथ। फोटो : हरिभूमि

### 200 मीटर रेस में दीपांशी प्रथम रही



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. एमएस हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय, रोहतक में दो दिवसीय वार्षिक 37वीं एथलेटिक मीट का शुभारंभ आज किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एमएस हुड्डा रहे। 200 मीटर रेस में दीपांशी प्रथम, निकिता द्वितीय व विनिता तृतीय स्थान पर रही तथा थ्री लेग रेस में संजू, सरोज, निकिता, किरण, पुष्पा व सविता विजेता रहीं।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, जेवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप, रिले रेस तथा शॉट पुट आदि स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है। 20 मार्च से 20 अप्रैल तक चलने वाले विशेष जागरूकता अभियान के तहत राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल चिड़ी में पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। डॉ ज्योति शर्मा दंत सर्जन सीएचसी चिडी द्वारा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को इनाम दिया गया। डॉ ज्योति द्वारा छात्राओं को दांतों और मुंह की सफाई के बारे में विस्तार से बताया गया।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर निःशुल्क हेल्थ कैंप

- शिविर में कुल 331 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर सैनी इंस्टीट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 331 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 120 लोगों का ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस टीम के वालंटियर्स ने सक्रिय सहयोग दिया। उल्लेखनीय है कि सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिन को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया ने किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. अरिंदम रॉय, डॉ. अनिमेश मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र डबास, डॉ. नीना, डॉ. नेहा और डॉ. विवेक गुप्ता शामिल रहे। इनके साथ फार्मासिस्ट कांता, अजय, शिक्षा और सुनीता ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कॉलेज के महासचिव डॉ. राजेश सैनी, उप प्रधान एडवोकेट जयंती सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सभी शिविर में सभी को जांच करवाकर दवाइयां वितरित की गई।

# पावर कॉर्पोरेशन के प्रवीण रंगा प्रधान और रामविलास बने वरिष्ठ उपप्रधान

- हरियाणा पावर कॉरपोरेशन कर्मचारी यूनियन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। नए पदाधिकारी शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा पावर कॉरपोरेशन अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी यूनियन के द्विवार्षिक चुनाव 10 अप्रैल को सब डिवीजन इंडस्ट्रियल एरिया रोहतक में संपन्न हुए। यह चुनाव सर्कल सचिव सुनील दहिया की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया में राज्य चीफ ऑर्गेनाइजर विजेंद्र भाटिया, लीगल एडवाइजर जगजीत निराला, राज्य उपप्रधान सुनील पवार, डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजर रणबीर सरोहा, सर्किल ऑर्गेनाइजर अशोक कुमार, विनोद मेहरा, राम सिंह कलसन सहित अन्य केंद्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। सब यूनिट आईडीसी के लिए प्रवीण रंगा को प्रधान, रामविलास को वरिष्ठ उपप्रधान, राहुल सरोहा को उपप्रधान, सुनील बोरिया को सचिव, अनीता सभरवाल को सह सचिव, श्रीकृष्ण को खजांची, सुमिता फ्रड व रविकांत ग्रेवाल को ऑडिटर नियुक्त किया गया। इसके अलावा राजेश राठी और जॉनी खटक को सलाहकार तथा रवि सैन व नरेंद्र को संगठनकर्ता चुना गया। सिटी यूनिट में सोनू खटक को प्रधान, सैनी को वरिष्ठ उपप्रधान, अजेय भोरिया और नवीन धानिया को उपप्रधान, विजय कटारिया को सचिव, सज्जन कुमार को कैशियर तथा रवि चोपड़ा को ऑडिटर चुना गया। विकास जैई और जगदीश गीरोह को संगठनकर्ता नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ विजेंद्र भाटिया द्वारा दिलाई गई। चुनाव में जगपाल जैई, अनूप इंदौरा, प्रमोद, संदीप सोलंकी, अनिल, नरेश और रवि आदि ने भाग लिया।



रोहतक। दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती डॉक्टर की टीम।

### सिरतार संस्थान में दिव्यांग बच्चों के लिए दंत चिकित्सा शिविर लगाकर किया इलाज

**रोहतक।** राज्य पुनर्वास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (सिरतार) रोहतक में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के उद्देश्य से एक विशेष दंत चिकित्सा (डैन्टल) चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, हरियाणा सरकार के अंतर्गत कार्यरत इस संस्थान में पीजीआईएमएस, रोहतक के विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप के दौरान पीजीआईएमएस की डॉ. जागृति और उनकी टीम ने संस्थान के लगभग 80 दिव्यांग बच्चों के दांतों का बारीकी से निरीक्षण किया। डॉक्टरों ने न केवल बच्चों की जांच की, बल्कि उन्हें मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। टीम ने बच्चों को सलाह दी कि वे दांतों को स्वस्थ रखने के लिए सुबह और रात को नियमित रूप से ब्रश करें, संतुलित आहार लें और समय-समय पर डेंटिस्ट से चेकअप करवाते रहें। संस्थान के प्राचार्य डॉ. ए.डी. पासवान ने पीजीआईएमएस से आई डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिरतार संस्थान अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है।

### कुमाऊं सभा की कीर्तन मंडली मथुरा-वृंदावन के लिए आज होगी रवाना

**रोहतक।** कुमाऊं सभा रोहतक द्वारा कुमाऊं महिला कीर्तन मंडली के सदस्यों को 11 अप्रैल 2026 को दोपहर 2 बजे मथुरा-वृंदावन की दो दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया जा रहा है। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 50 श्रद्धालु शामिल होंगे, जो 11 अप्रैल को मथुरा तथा 12 अप्रैल को वृंदावन के प्रमुख मंदिरों में दर्शन-भ्रमण करेंगे। गौरतलब है कि एकता कॉलोनी स्थित कुमाऊं सभा रोहतक, कुमाऊं महिला कीर्तन मंडली के सहयोग से प्रत्येक वर्ष नवरात्रि पर्व पर अपने भवन में रामकथा या भागवत कथा का भव्य आयोजन करती है। कीर्तन के लिए इच्छुक श्रद्धालु कुमाऊं सभा सामुदायिक भवन एवं श्रीराम मंदिर, एकता कॉलोनी रोहतक में संपर्क कर बुकिंग कर सकते हैं। इस यात्रा में सभा के प्रधान आनंद सिंह काढ़ाकोटी, महासचिव दीपक चंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष दरवान सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी मंडली के साथ शामिल रहेंगे। उपप्रधान रघुवर दत्त कांडपाल ने बताया कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक रूप से अत्यंत लाभकारी और यादगार रहेगी।

## न्यूज डायरी



### जीडी गोयनका में बांटे रोबोटिक्स प्रमाण-पत्र

**रोहतक।** जीडी गोयनका टोडलर हाउस सनसिटी में रोबोटिक्स शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर रोबोटिक्स गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था, जिससे उनके अंदर विकसित हो रही तकनीकी समझ का पता चलता है। विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा का विशेष महत्व है। रोबोटिक्स जैसे विषय विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना को विकसित करते हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी है। प्रधानाचार्या मधुबाला ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने शिक्षकों का भी आभार जताया, जिन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और यादगार साबित हुआ।



### सृष्टि हुंडई में एक्सटर और वरना लॉन्च

**रोहतक।** सृष्टि हुंडई में एक्सटर और हुंडई वरना का भव्य लॉन्च कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति और ऑटोमोबाइल प्रेमियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुंडई मोटर कंपनी की ओर से आए टीएसएम दीपक कुमार मौजूद रहे। डीलरशिप की ओर से सचिन जैन और गुलशन सचदेवा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि बैंकिंग क्षेत्र से नरेश मनचंदा और उनकी टीम भी उपस्थित रही। सृष्टि हुंडई के स्टाफ ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लॉन्च के दौरान दोनों गाड़ियों के आधुनिक डिजाइन, एडवांस टेक्नोलॉजी, सेफ्टी फीचर्स और शानदार परफॉर्मेंस की विस्तृत जानकारी दी गई। एक्सटर की यूथ-फ्रेंडली डिजाइन और स्टाइलिश अपील ने युवाओं को आकर्षित किया, वहीं वर्ना के प्रीमियम लुक और दमदार परफॉर्मेंस को भी खूब सराहा गया। प्रबंधन ने कहा कि ये दोनों गाड़ियां ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर पेश की गई हैं और बाजार में नया मानक स्थापित करेंगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




**दीक्षांत समारोह** राज्यपाल असीम कुमार घोष मुख्यातिथि पहुंचेंगे , सीएम नायब सिंह सैनी सहित अन्य हस्तियां होंगी शामिल

# डीएलसी सुपवा में दीक्षांत समारोह चार मई को, 750 छात्रों को मिलेंगी डिग्रियां, कार्यक्रम को लेकर उत्साह

सभी विद्यार्थियों अभिभावकों और शिक्षकों को ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए किया आमंत्रित

### विद्यार्थी संगीत, नृत्य, नाटक की देंगे मनमोहक प्रतुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में छह साल के लंबे अंतराल के बाद दूसरा दीक्षांत समारोह 4 मई को आयोजित किया जाएगा। जिसमें अशीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्ति समेत अनेक हस्तियां शामिल रहेंगी। समारोह में लगभग 750 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

कुलगुरू डॉ अमित आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और विशेष सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। डीएलसीसुपवा, जो कि हरियाणा की प्रमुख कला एवं सांस्कृतिक शिक्षा संस्थाओं में से एक है, संगीत, नृत्य, नाटक और ललित कला के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। यहां से शिक्षित विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। छह वर्षों के बाद आयोजित होने वाला यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि यह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का सम्मान भी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया।

### फिल्मों का साउंड डिजाइन करना सीख रहे विद्यार्थी

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) की फिल्म एंड टेलीविजन (एफटीवी) फैकेल्टी के छात्र इन दिनों फिल्मों का साउंड डिजाइन करना सीख रहे हैं। उनके लिए ऑडियोग्राफी विभाग ने 12 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया है। इसमें प्रख्यात साउंड डिजाइनर अभिजीत टेनी रॉय छात्रों को फिल्म इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप ट्रेंड कर रहे हैं। ऑडियोग्राफी विभाग के एचओडी देबाशीष रे ने बताया कि देवदास, शिकारा, द वायलिन प्लेयर, जी कुत्ता आदि फिल्मों के साउंड डिजाइनर के तौर पर अभिजीत टेनी रॉय को जाना जाता है। वे छठे सेमेस्टर के छात्रों को साउंड डिजाइन, डबिंग व री-रिकॉर्डिंग के तकनीकी व रचनात्मक पहलुओं की जानकारी दे रहे हैं। इस वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों को प्रायोगिक प्रशिक्षण व फिल्म इंडस्ट्री का वास्तविक अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे सिनेमा में ध्वनि की महत्वपूर्ण भूमिका को बेहतर ढंग से समझ सकें।



### फिल्म इंडस्ट्री से एक्सपर्ट बुलाकर पेशेवर बनाना लक्ष्य

डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि हमारा प्रयास फिल्म इंडस्ट्री से एक्सपर्ट बुलाकर अपने छात्रों को बेहद कुशल पेशेवर के रूप में तैयार करना है। इस तरह की वर्कशॉप अकादमिक शिक्षा और फिल्म इंडस्ट्री के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होती हैं। डॉ आर्य ने कहा कि सुपवा अपनी तरह की एकमात्र यूनिवर्सिटी है, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी स्वयं को हर बार और अधिक श्रेष्ठ बनाने की है।

### अभिजीत टेनी रॉय एफटीआईआई पुणे के पूर्व छात्र

एफटीवी फैकेल्टी के एफसी महेश टीपी ने बताया कि वर्कशॉप ले रहे अभिजीत टेनी रॉय एफटीआईआई, पुणे के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने भारतीय फिल्म उद्योग के चर्चित चेहरे इलैयाराजा, विधु विनोद चोपड़ा, संजय लीला भंसाली, रितुपर्णो घोष, एआर रहमान, इस्माइल दरबार, अनु मलिक, प्रीतम आदि के साथ काम किया है। हाल ही में 'मानिक बाबूर मेघ' में अपने साउंड डिजाइन के लिए फिल्मफेयर अवार्ड प्राप्त किया है। टेनी 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ फिल्म साउंड डिजाइन, मिक्सिंग, म्यूजिक रिकॉर्डिंग, मास्टरिंग, लाइव साउंड इंजीनियरिंग व ऑडियो इंजीनियरिंग के एक्सपर्ट हैं।

## खबर संक्षेप

### महावीर जैन की जयंती पर रक्तदान शिविर कल

**रोहतक।** स्व. महावीर जैन की 66वीं जयंती पर महावीर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 18वां रक्तदान शिविर 12 अप्रैल 2026, रविवार को जैन धर्मशाला, बाबरा मोहल्ला में आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। संचालक राजेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में एल.पी.एस. बोसार्ड के एमडी, समाजसेवी दिनेश गोयल, पीएनबी प्रबंधक मनोज मखीजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगे 22 हजार

**सांपला।** क्षेत्र में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने के नाम पर व्यक्ति से हजारों रुपये ठग लिए गए। पाक्समा निवासी धर्मेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके फोन पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए नया क्रेडिट कार्ड ऑफर का झांसा दिया। भरोसा दिलाकर उसने धर्मेन्द्र से उसके एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड की जानकारी और ओटीपी ले लिया। इसके बाद उसके खाते से 22,461 रुपये कटने का मैसेज मिला। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। थाना सांपला पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिचित बनकर की कॉल, 50 हजार ठगे

**सांपला।** ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। एक युवक को परिचित बनकर कॉल करने वाले शख्स ने करीब 50 हजार रुपये की चपत लगा दी। गांव इस्माइला 9बी निवासी राजीव सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 अप्रैल को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका जानकार बताते हुए किसी आपात स्थिति का हवाला दिया पैसों की जरूरत बताई। भरोसा दिलाने के लिए आरोपी ने उसके फोन पर फर्जी क्रेडिट मैसेज भी भेजे। इसके बाद आरोपी ने क्यूआर कोड भेजकर पैसे वापस करने को कहा। झांसे में आकर युवक ने 49,999 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## सिविल अदालतें होंगी फेसलेस, हाइब्रिड मोड में पर करेंगी काम

# अब घर बैठे मिलेगा न्याय घटेगा खर्चा-बचेगा समय

**डिजिटल रिकॉर्ड से पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार पर लगेगा ब्रेक**

अमरजीत एस गिल. रोहतक

हरियाणा में राजस्व अदालतों की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है। राज्य सरकार इन अदालतों को फेसलेस और हाइब्रिड मोड में परिवर्तित करने की तैयारी कर रही है, जिससे न्याय प्रक्रिया को अधिक तेज, पारदर्शी और सुलभ बनाया जा सके। इस पहल को प्रशासनिक सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, जिसका सीधा लाभ आम जनता, विशेषकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत राजस्व मामलों की सुनवाई ऑनलाइन माध्यम से भी संभव होगी। इससे लोगों को बार-बार तहसील और कोर्ट के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। अब घर बैठे या नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी केस की सुनवाई में भाग लिया जा सकेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के न्यायालयों में कुल लंबित मामलों में से 4,37,826 सिविल और 9,92,325 आपराधिक मामले हैं। इनमें से 72.88 फीसदी दीवानी और 70.29 प्रतिशत आपराधिक मामले हैं।



एआई जनरेटेड फोटो

■ न्याय प्रक्रिया होगी तेज और आसान, किसानों और ग्रामीणों को बड़ी राहत

### फेसलेस का मतलब कोर्ट में पेश होने की जरूरत नहीं ऑनलाइन होगी सुनवाई

फेसलेस का मतलब है कि व्यक्ति को कोर्ट में जाकर अधिकारी के सामने पेश होने की जरूरत नहीं पड़ती। वह अपने केस की सुनवाई ऑनलाइन माध्यम से, जैसे मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए कर सकता है। इस व्यवस्था में सभी दस्तावेज डिजिटल रूप में जमा होते हैं और केस की प्रगति भी ऑनलाइन देखी जा सकती है। इससे लोगों को बार-बार तहसील या कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, समय और खर्च दोनों की बचत होती है। साथ ही, पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड में रहती है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है और भ्रष्टाचार की संभावना कम होती है। वहीं हाइब्रिड कोर्ट का मतलब है कि इसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों सुविधाएं मिलती हैं।

### दस्तावेजों से नहीं हो पाएगी छेड़छाड़

सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहने से फाइलों के गुम होने या छेड़छाड़ की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। जरूरत पड़ने पर पुरानी जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सकेगी, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। कुल मिलाकर, फेसलेस और हाइब्रिड राजस्व अदालतों की यह पहल न्याय प्रक्रिया को आधुनिक और जनहितैषी बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। **ये भी जानें:** भले ही ऑनलाइन सेवाएं अब कागजों से निकलकर डिजिटल राजमार्ग पर दौड़ती दिखाई देती हैं, लेकिन सफर अभी पूरी तरह सुगम नहीं हुआ है। सरकार ने सीएम विंडो, ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल, परिवार पहचान पत्र और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए सेवाओं को घर बैठे उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए हैं। प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में पारदर्शिता और ट्रैकिंग की सुविधा ने नागरिकों का भरोसा बढ़ाया है। हालांकि, जमीनी स्तर पर तस्वीर थोड़ी सही नहीं है। जब आप कोई काम ऑनलाइन काम कराते हैं तब सर्वर जवाब दे जाता है।

### भ्रष्टाचार और मनमानी पर लगेगा अंकुश

फेसलेस सिस्टम लागू होने से पारदर्शिता में भी वृद्धि होगी। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने के कारण हर चरण का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और इसे ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा। इससे यह स्पष्ट रहेगा कि किसी मामले की फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है। इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार और मनमानी पर अंकुश लगने की संभावना है। सरकार का यह कदम आम आदमी के लिए न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। गांवों में रहने वाले लोगों को अब अदालतों तक नहीं जाना पड़ेगा। डिजिटलाइजेशन के जरिए वे अपनी बात आसानी से रख सकेंगे, जिससे न्याय प्रणाली उनके करीब पहुंचेगी।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलेगी राहत

इस व्यवस्था से लोगों के खर्च में भी कमी आएगी। बार-बार कोर्ट आने-जाने, वकीलों की फीस और अन्य खर्चों में कमी होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को विशेष राहत मिलेगी। छोटे किसानों के लिए यह पहल काफी लाभकारी साबित हो सकती है। फेसलेस मॉडल के कारण मानव हस्तक्षेप कम होगा, जिससे फैसलों की निष्पक्षता बढ़ने की उम्मीद है। केस का आवंटन और सुनवाई एक तय डिजिटल प्रक्रिया के तहत होगी, जिससे व्यक्तिगत प्रभाव या पहचान का असर कम होगा। इससे न्याय प्रणाली पर लोगों का भरोसा और मजबूत होगा। हाइब्रिड मॉडल इस पूरी व्यवस्था को संतुलित बनाता है। जो लोग डिजिटल माध्यम का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं, वे पारंपरिक तरीके से अदालत में उपस्थित होकर भी अपनी सुनवाई करवा सकेंगे।

**जयपुर के रहने वाले थे रामेश्वर प्रसाद**

## 152डी पर फटा कार का टायर, फाइनेंसर की मौत

■ डिवाइडर पार करते हुए दूसरी दिशा में मुड़ गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

■ अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे जींद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिले के महम क्षेत्र के पास 152डी हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जयपुर निवासी एक फाइनेंसर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब दोनों अपने परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जयपुर से जींद जा रहे थे। अचानक कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी दिशा में मुड़ गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 46 वर्षीय रामेश्वर प्रसाद मीणा निवासी गोविंदपुरा दांतली, जयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह पेशे से फाइनेंस का काम करता था और खुद ही गाड़ी चला रहा था। उसके साथ श्याम सुंदर शर्मा नामक व्यक्ति भी कार में सवार था। दोनों एक साथी सन्नी के निधन के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जींद जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जब उनकी कार महम क्षेत्र के पास पहुंची, तभी अचानक गाड़ी का टायर फट गया। तेज रफ्तार में चल रही कार चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और डिवाइडर के ऊपर से उछलकर घूमते हुए वापस जयपुर की दिशा में मुड़ गई। इस भीषण टक्कर में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में रामेश्वर प्रसाद को गंभीर चोटें आईं, जबकि श्याम सुंदर भी घायल हो गया।रामेश्वर प्रसाद मीणा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में पत्नी, बुजुर्ग माता-पिता और पांच बच्चे शामिल हैं, जिनमें चार बेटियां और एक बेटा है। उनकी अचानक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जैसे ही यह खबर गांव और परिवार तक पहुंची, वहां मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।हादसे की सूचना मिलते ही महम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### अस्पताल में पहुंचाया

घटना के बाद मौके पर मौजूद दो ट्रक चालकों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए एम्बुलेंस और डायल 112 पर सूचना दी। घायल श्याम सुंदर ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि उन्हें समझ ही नहीं आया कि टायर फटा या गाड़ी का कोई अन्य पार्ट खराब हुआ। हादसे के बाद दोनों को तुरंत महम के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामेश्वर प्रसाद को मृत घोषित कर दिया।

## सब्जी विक्रेता के घर में घुसकर हमला मां और बेटे को पीटा, तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांपला

■ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला में करवाया भर्ती

कस्बे के व्यस्त बाजार क्षेत्र में सब्जी विक्रेता के घर-दुकान में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में महिला और उसका बेटा घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड-7 निवासी आशीष खुराना ने बताया कि वह अपने मकान के निचले हिस्से में सब्जी की दुकान चलाता है। घटना के समय उसकी माता सुदेश दुकान पर थीं, जबकि वह ऊपर घर में था। अचानक शोर सुनकर जब वह नीचे आया तो देखा कि आशु, हरदीप और प्रियंका दुकान के अंदर मौजूद थे। आरोप है कि प्रियंका ने डंडे से उसकी माता के सिर पर वार कर दिया। आशीष के अनुसार जब उसने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। लात-घूंसों के साथ डंडों से हमला किया गया। इसके बाद आरोपी पास में स्थित उसकी चाची शशिबाला की दुकान में भी घुस गए और उनके साथ भी हाथापाई की। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला ले जाया गया, जहां से दोनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया।

### पछुवा हवाओं ने किसानों को दिलाई राहत कल नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा

**रोहतक।** शुक्रवार को रोहतक व इसके आसपास के एरिया में 15-18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पछुवा हवाएं चली। जिसके वजह से अब हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच अब किसानों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे आमजन और किसानों दोनों को कुछ राहत मिलेगी। हालांकि 12 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, लेकिन इस बार इसके ज्यादा असर या किसी बड़ी आफत की संभावना नहीं जताई गई है।हरियाणा में बीते दिनों हल्की बारिश, बादल और तेज हवाओं के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिली थी। इससे गेहूं की कटाई और अन्य कृषि कार्यों पर भी असर पड़ा था। लेकिन अब मौसम के स्थिर होने से किसानों को अपनी फसल कटाई और मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी। भारतीय मौसम विभाग चंडीगढ़ के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश में आसमान साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी। तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे दिन में गर्मी का अहसास बढ़ेगा, लेकिन यह सामान्य रहेगा। 12 अप्रैल को सक्रिय होने वाला पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित कर सकता है।

## महापंचायत ने आईजी से मुलाकात की

■ महिला सफाई कर्मचारियों के साथ हुए सेनेटरी पैड मामले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) में महिला सफाई कर्मचारियों के साथ हुए सेनेटरी पैड मामले को लेकर शुक्रवार को रोहतक की सामाजिक महापंचायत ने कड़ा रुख अपनाया। महापंचायत के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य व्यक्ति पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आईजी सिमरदीप सिंह से मिलने पहुंचे। दिनेश कांगड़ा ने बताया कि आईजी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द न्याय दिया जाएगा। इस संबंध में एसपी रोहतक को तुरंत उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। शनिवार को महापंचायत की एक विशेष कमेटी जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगी। नगर निगम प्रधान शंभू टाक ने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो पूरे प्रदेश की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। छात्र नेता विक्रम सिंह डोमोलिया और दिनेश कांगड़ा ने सरकार व मुख्यमंत्री से इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय मंत्रालय के कृष्ण बेदी भी निष्पक्ष जांच के पक्ष में हैं।

## एमडीयू में डॉ. अंजू पंवार बनीं डिप्टी एनएसएस प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



■ छात्र और छात्राओं की भागीदारी में होगी

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने गणित विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजू पंवार को डिप्टी एनएसएस (नेशनल सर्विस स्कीम) प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ कृष्णकांत ने बताया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान कार्यभार के अतिरिक्त दी गई है। एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी ने डॉ. अंजू पंवार को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. पंवार के नेतृत्व और अनुभव से विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई को नई दिशा मिलेगी और छात्र-छात्राओं की भागीदारी में भी वृद्धि होगी। डॉ. अंजू पंवार ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। वे विद्यार्थियों को समाजसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता अभियानों से जोड़ने के लिए प्रयास करेंगी।

## एमडीयू में प्रो. युद्धवीर सिंह बने कंप्यूटर सेंटर के निदेशक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** प्रोफेसर डॉ. युद्धवीर सिंह का स्वागत करते पूर्व डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा व प्रो. राजेश पुनिया। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के प्रोफेसर डॉ. युद्धवीर सिंह को कंप्यूटर सेंटर का निदेशक नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि डॉ. युद्धवीर सिंह को यह दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के रूप में दिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विश्वास है कि डॉ. युद्धवीर अपने अनुभव और कार्यकुशलता के बल पर कंप्यूटर सेंटर की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएंगे। प्रो. युद्धवीर सिंह ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से कंप्यूटर सेंटर के निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा कंप्यूटर सेंटर को आधुनिक तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ प्राध्यापक मौजूद रहे।

पूर्व डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि और प्रो. राजेश पुनिया सहित अन्य शिक्षकों ने डॉ. युद्धवीर सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### कुलपति ने विवि के कार्यालयों का किया निरीक्षण

# वीसी का मंत्र, सभी मिलकर करें कार्य

**आप सभी इस संस्थान की रीढ़ : डॉक्टर एचके अग्रवाल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण करते कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर विश्वविद्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुलसचिव डॉक्टर रूप सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे।

कुलपति डॉ अग्रवाल ने एकेडमिक ब्रांच, एफिलिएशन सेल, रिसर्च सेल, एग्जाम ब्रांच, रिक्रूटमेंट सेल, अकाउंट ब्रांच, आईटी सेल, एएनएम-जीएनएम ब्रांच, सीक्रेसी ब्रांच तथा रजिस्ट्रार कार्यालय का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सभी विभागों में साफ-सफाई, फाइल मैनेजमेंट, कर्मचारियों की उपस्थिति और समयबद्ध कार्य प्रणाली का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुलपति डॉ अग्रवाल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और इस संस्थान की साख हमारे काम से ही बनती है। अगर हम समय पर कार्यालय पहुंचेंगे, फाइलों का निपटारा समयबद्ध करेंगे और अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखेंगे तो मरीजों, छात्रों और आम जनता को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से आईडी कार्ड पहनने, पुरानी गैर-जरूरी फाइलों को नियमानुसार नष्ट करने, कार्यालय व बाथरूम की नियमित साफ-सफाई रखने और ड्यूटी पर समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ अग्रवाल ने कहा कि फाइलों का निपटारा निर्धारित समय पर होना चाहिए ताकि किसी भी काम में अनावश्यक देरी न हो। हमें मरीजों और छात्रों की जरूरतों को प्राथमिकता देनी होगी। कुलपति ने कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी इस संस्थान की रीढ़ हैं। आपका समर्पण ही विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। जब हम पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ काम करेंगे तो विश्वविद्यालय का नाम पूरे देश में और रोशन होगा। कुलसचिव डॉक्टर रूप सिंह ने भी कर्मचारियों से अपील की कि वे कुलपति के निर्देशों का पालन करें और टीम भावना से कार्य करें।

### सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति को किया सम्मानित



**रोहतक।** डॉ. प्रीति को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. सचिंदर सिंह, डॉ. राजेश दलाल, डॉ. प्रदीप कुमार व डॉ. शैलेश कलकल । फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल द्वारा सत्र 2024-25 के लिए एनएसएस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. प्रीति को सर्वश्रेष्ठ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी (महिला) के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा अपनी पूर्व छात्रा डॉ. प्रीति का भव्य स्वागत किया गया। विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. सचिंदर सिंह, डॉ. राजेश दलाल, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. शैलेश कलकल ने डॉ. प्रीति को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। डॉ. प्रीति ने अपने नेतृत्व, समर्पण और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर एनएसएस गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की है। उनके मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त किया है।यह सम्मान उनके निरंतर प्रयासों, नवाचार और छात्र-हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का प्रतीक है।